**खाद्यान्न भंडार**

917. श्री रजनी रंजन साहू : क्या **कृषि** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1990–91 के दौरान देश में खाद्यान्न के भंडार में कितनी वृद्धि हुई ; और

(ख) इसी अवधि के दौरान तिलहनों और कपास का कितना उत्पादन हुआ?

**कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन) :** (क) वर्ष 1990–91 के अन्त में (अर्थात 31 मार्च को) सार्वजनिक एजेंसियों के पास खाद्य भंडार में 5.54 मिलियन मीटरी टन की वृद्धि हुई है जो 1989–90 के 11.73 मिलियन मीटरी टन से बढ़कर 1990–91 में 17.27 मिलियन मीटरी टन हो गया है।

(ख) वर्ष 1989–90 तथा 1990–91 में तिहलहनों और कपास का उत्पादन इस प्रकार रहा:—

| जिन्स | इकाई | उत्पादन | |
|---|---|---|---|
| | | 1989–90 | 1990–91 (अनन्तिम |
| तिलहन | मिलियन मीटरी टन | 16.75 | 19.10 |
| कपास | 170–170 कि॰ग्रा॰ की लाख गांठें | 114.1 | 100.0 |

**दिल्ली-मुजफ्फरपुर के बीच नई रेल गाड़ी का चलाया जाना**

918. श्री रजनी रंजन साहू : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या निकट भविष्य में दिल्ली-मुजफ्फरपुर और मुजफ्फरपुर–दिल्ली के बीच एक नई रेलगाड़ी चलाई जायेगी ; और

(ख) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) :** (क) जी, नहीं ।

(ख) संसाधनों की तंगी के कारण ।

**भारतीय खाद्य निगम द्वारा गेहूं की खरीद**

919. डा॰ रत्नाकर पाण्डेय : क्या खाद्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय खाद्य निगम ने 1991–92 के खरीद मौसम के दौरान जो गेहूं की मात्रा खरीदी है वह पिछले वर्ष खरीदी गई मात्रा की तुलना में बहुत कम है ; और

(ख) यदि हां, तो गेहूं की सरकारी खरीद में हुई इस कमी के क्या कारण हैं ?

**खाद्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री तरुण गोगोई) :** (क) और (ख) वर्तमान रबी विपणन मौसम 1991–92 के दौरान